प्रादेशिक समाचार
दिनांक – 19.04.2026 (संध्या–1900 बजे)

मुख्य समाचार

1. सर्वोच्च न्यायालय ने झारखंड समेत देश भर में सड़क सुरक्षा बढ़ाने को लेकर जारी किये दिशा–निर्देश, दुर्घटनाओं में मौत होना राज्य सरकारों की विफलता।
2. भाजपा ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम पारित नहीं होने के लिए इंडी गठबंधन को ठहराया जिम्मेदार, केन्द्रीय मंत्री सर्वानंद सोनोवाल ने महिला आरक्षण को बताया जरूरी।
3. जेपीएससी सिविल सेवा की प्रारंभिक परीक्षा पांच सौ साठ केन्द्रों में कदाचारमुक्त संपन्न, रांची से पटना के लिए दो स्पेशल ट्रेनों का हो रहा परिचालन।
4. रांची में आयोजित नियोकोन में नवजात शिशुओं की देखभाल, नवजातों के उपचार और पोषण पर विशेषज्ञों ने की विस्तृत चर्चा।

और

5. दो दिवसीय राज्यस्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता मेजबान बोकारो अड़सठ अंकों के साथ ओवर ऑल चैंपियन, रांची की टीम उपविजेता।

******************

सर्वोच्च न्यायालय ने झारखंड समेत देश भर में सड़क सुरक्षा बढ़ाने के लिए दिशा–निर्देश जारी किए हैं। न्यायालय ने कहा है कि प्रशासनिक चूक या बुनियादी ढांचे की कमी के कारण एक्सप्रेसवे खतरे का गलियारा नहीं बनना चाहिए। न्यायमूर्ति जे.के. माहेश्वरी और ए.एस. चंदुरकर की पीठ ने कहा कि भारत के कुल सड़क नेटवर्क में राष्ट्रीय राजमार्गों का हिस्सा केवल दो प्रतिशत है, लेकिन सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों में इनका हिस्सा लगभग 30 प्रतिशत है। न्यायालय ने कहा कि दुर्घटनाओं में एक भी मौत होना राज्य सरकारों की विफलता को दर्शाता है।

******************

भारतीय जनता पार्टी ने आरोप लगाया है कि कांग्रेस, समाजवादी पार्टी और तृणमूल कांग्रेस समेत इंडिया गठबंधन के तमाम दलों की वजह से संसद में नारी शक्ति वंदन अधिनियम पारित नहीं हो पाया। प्रदेश भाजपा कार्यालय रांची में आज प्रेसवार्ता में केंद्रीय मंत्री सर्वानंद सोनेवाल ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम को महिलाओं के लिए वर्तमान समय की जरूरत बताया। उन्होंने कहा कि विकसित राष्ट्र में महिलाओं को सामाजिक और राजनीतिक भागीदारी मिले इसके लिए तैंतीस प्रतिशत आरक्षण जरूरी है।

******************

इधर प्रदेश कांग्रेस ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम को भाजपा पर पलटवार किया है। प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने आज रांची में प्रेसवार्ता में कहा कि पार्टी महिला आरक्षण का विरोधी नहीं है। श्री महतो ने कहा कि कांग्रेस शुरू से महिला आरक्षण के समर्थन में खड़ी है।

******************

गिरिडीह जिले में महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए कई योजनाओं का सफलतापूर्वक संचालन हो रहा है।

******************

जेपीएससी सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा आज राज्यभर के पांच सौ साठ केन्द्रों में शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई। यह परीक्षा दो पालियों में आयोजित हुई। दस बजे से बारह बजे तक पहली पाली में जनरल स्टडीज पेपर वन की परीक्षा हुई, जबकि दूसरी पाली में तीन बजे से शाम पांच बजे तक पेपर टू की परीक्षा हुई। आयोग द्वारा सभी केन्द्रों पर कदाचारमुक्त परीक्षा के लिए व्यापक प्रबंध किये गये थे। गुमला जिले के बारह परीक्षा केन्द्रों पर भी करीब साढ़े चार हजार परीक्षार्थी शामिल हुए।

******************

जेपीएससी की सिविल सेवा परीक्षा को देखते हुए रेलवे दो स्पेशल ट्रेनों का परिचालन कर रहा है। रेलवे के अनुसार लोहरदगा होकर पटना जानेवाली रांची–पंडित दीनदयाल उपाध्याय परीक्षा स्पेशल ट्रेन आज शाम सात बजकर पन्द्रह मिनट पर रांची स्टेशन से प्रस्थान करेगी।

******************

झारखंड उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश महेश शरदचंद्र सोनक ने आज सपरिवार देवघर स्थित बाबा बैद्यनाथ मंदिर और दुमका स्थित बाबा बासुकीनाथ धाम में पूजा अर्चना की। इस दौरान मुख्य न्यायाधीश ने जनकल्याण की कामना करते हुए बाबा बासुकीनाथ की मंगल आरती भी की। इस मौके पर मुख्य न्यायाधीश ने बाबा बासुकीनाथ से राज्यवासियों की सुख समृद्धि की कामना की।

******************

प्रदेश भाजपा ने महिला सुरक्षा के मुद्दे पर राज्य सरकार पर निशाना साधा है। भाजपा रांची महानगर की ओर से महिला सुरक्षा को लेकर आज मशाल जुलूस निकाला गया। वहीं कल रांची स्थित वरीय पुलिस अधीक्षक कार्यालय का पार्टी द्वारा घेराव किया जाएगा। इधर रांची की महापौर और पार्टी की वरिष्ठ नेत्री रोशनी खलखो ने कहा है कि वर्तमान सरकार में समाज का कोई भी वर्ग सुरक्षित नहीं है।

******************

लातेहार जिले में चल रहे राष्ट्रीय पोषण पखवाड़े के तहत कुपोषण दूर करने और पोषण के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए कई कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं।

******************

झारखंड नवजात शिशु चिकित्सा मंच द्वारा रांची में आयोजित नियोकोन के तीसरे दिन आज नवजात शिशुओं की देखभाल, उपचार और पोषण पर विशेषज्ञों ने विस्तृत चर्चा की। कार्यक्रम में एम्स देवघर और पटना समेत विभिन्न संस्थानों के चिकित्सकों ने पोस्टर और शोध पत्र प्रस्तुत किए। रिम्स के निदेशक डॉ. राजकुमार ने नवजातों में संक्रमण, सीजर और कोलेस्टेसिस जैसे गंभीर मुद्दों पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता बताई। प्रतियोगिता में डॉ. सुदीप्ता साहू और डॉ. शुभा को क्रमशः पोस्टर और अवॉर्ड पेपर श्रेणी में प्रथम स्थान मिला।

******************

बोकारो में आयोजित दो दिवसीय 15वीं झारखंड राज्यस्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता आज संपन्न हो गयी। प्रतियोगिता में मेजबान बोकारो अड़सठ अंकों के साथ ओवर ऑल विजेता बनी, जबकि सैंतालीस अंको के साथ रांची की टीम उपविजेता बनी। प्रतियोगिता में राज्यभर के दो सौ चालीस एथलीट और साठ तकनीकी पदाधिकारी शामिल हुए।

******************

जेएससीए की ओर से गुमला में आयोजित अंतर जिला अंडर–19 वीमेंस क्रिकेट प्रतियोगिता में आज दो मुकाबले खेले गये। पहले मुकाबले में गुमला ने खूंटी को चार विकेट से हरा दिया, जबकि दूसरे मुकाबले में सिमडेगा ने पलामू को दो सौ तीन रनों से पराजित कर दिया।

<u>******************</u>

राज्य के उत्तर पश्चिमी हिस्सों में जहां 20 और 21 अप्रैल को हीट वेव चलने की आशंका है, वहीं उत्तर पूर्वी भागों में कुछ स्थानों पर बारिश के आसार हैं। मौसम विज्ञान केन्द्र के अनुसार 22 और 23 अप्रैल को मौसम शुष्क रहेगा। उसके बाद 24 और 25 अप्रैल को राज्य के उत्तर पूर्वी भागों में हल्की बारिश की संभावना है। मौसम विज्ञान केन्द्र ने बताया है कि अगले दो दिनों के दौरान अधिकतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस तक की वृद्धि हो सकती है।

<u>******समाप्त*******</u>